कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-19.04.2024

विषयः- संदहा में मेड़बन्दी व चिन्हांकन के दौरान पुलिस टीम पर हमला करने से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार यादव थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-203/2024 धारा 147/148/149/332/353 भा0द0वि0 व 7 सी.एल.ए. एक्ट थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री सोमारू यादव निवासी ग्राम संदहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-19.04.2024 को समय करीब 11.55 बजे संदहा चौराहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 18/4/024 को थाना चौबेपुर की पुलिस टीम के साथ राजस्व टीम के नायब तहसीलदार शहर, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल उच्चाधिकारीगण के आदेश से ग्राम संदहा में श्री गोपीनाथ पुत्र स्व0 मूसे निवासी म0नं0 CK-12/8 बह्नाल वाराणसी के अराजी नं0-165/1 मौजा संदहा के मेड़बन्दी व चिन्हाकंन हेतु गये थे। उक्त प्रकरण मे शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल के साथ रवाना होकर मौके पर ग्राम संदहा उक्त अराजी संख्या उपरोक्त राजस्व टीम द्वारा मेड़बन्दी व चिन्हाकंन किया जा रहा था। पुलिस बल मौके पर मौजूद था राजस्व टीम द्वारा पैमाइश एवं चिन्हाकंन मेड़बन्दी के दौरान श्री गोपीनाथ गुप्ता की आराजी में सोमारू यादव द्वारा अवैध रूप से कई वर्षो से कब्जा करना पाया गया। उक्त कब्जा को हटा लेने के सम्बन्ध मे सोमारू यादव आदि से राजस्व टीम द्वारा बात चीत की जा रही थी कि सोमारू यादव व उनके अन्य समर्थक 20 से 25 महिलाएं एवं करीब 100 पुरूष समय लगभग 13.30 बजे एक राय एक उद्देश्य से उ0नि0 पंकज कुमार राय व उनके साथ पुलिस बल के सदस्यों पर ईंट/पत्थर, लाठी, डण्डे, बल्लम लेकर गन्दी-2 गालियां व धमकी देते हुए हमला कर दिये व पुलिस बल पर टूट पड़े जिसमे उ0नि0 पंकज कुमार राय व अन्य पुलिस बलो को चोटें आयी। विपक्षीगण के इस अपराधिक कृत्य से अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस बल पर हुए हमले को देख लोग अपने-अपने घर का दरवाजा बन्द कर छिपने लगे। किसी तरह पुलिस बल द्वारा अपने आप को बचते-बचाते हुए शांति व्यवस्था कायम किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना चौबेपुर में उ0नि0 पंकज कुमार राय की तहरीर पर मु0अ0सं0-203/2024 धारा 147/148/149/332/353 भा.द.वि. व 7 सी.एल.ए. एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 हर्षमणि तिवारी द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

धीरेन्द्र कुमार यादव पुत्र श्री सोमारू यादव निवासी ग्राम संदहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 34 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- ग्राम संदहा चौराहा थाना चौबेपुर वाराणसी, दिनांक-19.04.2024 को समय करीब 11.55 बजे।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक विद्याशंकर शुक्ल थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 हर्षमणि तिवारी थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 शिवम सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।